हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

19 जून 2024, समय 1810

1.विश्व सिकल सेल दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने इस बीमारी पर काबू पाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई

2.हरियाणा की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद में आयोजित राज्यस्तरीय श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह में पंजीकृत श्रमिकों की दी कई सौगातें ।

3.अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले , प्रदेश भर में योग रिहर्सल और योग मैराथन का आयोजन हुआ

4.प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

...........................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार, सिकल सेल रोग से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर रही है। आज विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर श्री मोदी ने इस बीमारी पर काबू पाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष, सरकार ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था और वह इस संबंध में जागरूकता पैदा करने, व्यापक जांच, रोग का जल्द पता लगाने और उचित देखभाल सहित अनेक पहलुओं पर काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार शीघ्र निदान को बढ़ावा देने, उपचार तक पहुंच सुनिश्चित करने और रोगियों की देखभाल बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव ने कहा है कि सिकल सेल रोग के बारे में सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि इससे केवल जनजातीय लोग ही प्रभावित होते हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में आज सिकल सेल रोग के बारे में जागरूकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक होना चाहिए क्योंकि यह किसी को भी प्रभावित कर सकती है।

...............................................................................

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद में पंजीकृ्त श्रमिकों के लिए राज्यस्तरीय श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा भी उपस्थित रहे। समारोह से पहले मुख्यमंत्री ने तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत जींद से अयोध्या के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।राज्यस्तरीय श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह में प्रदेश भर से पंजीकृ्त श्रमिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने एक लाख, दो हजार, 629 पंजीकृ्त श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। कर्मकार कल्याण बोर्ड के प्रदेश के लगभग एक लाख पंजीकृ्त श्रमिकों को उनकी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातों में जारी किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक विभाग को पिछले वर्षों में जो गति मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिली। उन्होंने कार्यभार संभालते ही लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया। उन्होंने बताया कि आज 42 हजार बहनों को सलाई मशीनों के लिए 15 करोड़ से अधिक की राशि, 19 हजार, 925 श्रमिकों को साइकिलों के लिए 9 करोड़, 95 लाख रुपये व 19 हजार, 880 श्रमिकों को औजारों के लिए 15 करोड़, 90 लाख रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा, तीन हजार बच्चों के वजीफों के रूप में 2 करोड़ 96 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार संयुक्त रूप से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रही है और हरियाणा में सभी का सम्मान रूप से विकास का कार्य जारी है।कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा किसानों और मजदूरों का प्रदेश है। देश और प्रदेश की तरक्की के लिए किसानों और मजदूरों ने अपना सारा जीवन लगाया ताकि हरियाणा देश के मान चित्र पर चमक सके। प्रदेश में श्रमिकों का निर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है। तीर्थ यात्रा योजना व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिससे उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

.........................................................................................

हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके प्रदेश भर में तैयारीयान चल रही है , अम्बाला के उपयुक्त डॉ. शालीन ने आमजन से आह्वान किया है कि 21जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बढ़-चढक़र हिस्सा लें। जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अम्बाला शहर के पुलिस लाईन ग्राउंड में किया जाएगा। सर्वप्रथम पुलिसलाईन ग्राउंड से योग दिवस को लेकर मैराथन की शुरूआत की गई। इसके पश्चात उन्होने दीप प्रज्जवलित करके रिहर्सल का शुभारंभ किया। उन्होंने योग शाधकों के साथ योगासन एवं प्राणायाम भी किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि 21 जूनको अम्बाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाईन ग्राउंड, अम्बालाशहर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य तरीके से आयोजन किया जाएंगा। इसके अतिरिक्त6 ब्लॉक में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसमें जिलाप्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, आयुष विभाग,शिक्षाविभाग एवं खेल विभाग व ब्रह्मकुमारी संस्था, पंतंजलि,नेहरूयुवा केन्द्र, भारतीय योग संस्थान व अन्य विभागों के लोगहिस्सा लेंगे। कैथल में 10वेंअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज अतिरिक्त अनाज मंडी में योग मेराथन काआयोजन हुआ। एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने योग मेराथन को हरी झंडी देकर रवाना किया। खिलाडिय़ों व विद्यार्थियों ने मेराथन में भारी संखसा में भाग लिया। ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि 21 जून को जींद रोड स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी में जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह सात बजे योग दिवस समारोह का शुभारंभ होगा। इस कार्य तैयारियां पूर्ण हो चुकी है और संबंधित विभागों कीड्यूटियां लगा दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में करीब 2100 स्कूली बच्चे एक साथ भाग लेंगे।पलवल में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 के उपलक्ष्य में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में योग को लेकर पायलेट रिहर्सल की गई। इसके उपरांत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमारबघेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजीव तोमर,कार्यक्रमके नोडल अधिकारी डा. हमीदुल्लाह सहित गणमान्य लोग मौजूद थे। जिला आयुष अधिकारी डॉ.संजीव तोमर ने बताया कि महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार आयुष विभाग पलवल द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रशिक्षण शिविरोंका आयोजन किया गया। फरीदाबाद जिले में योग दिवस को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। आज सुबह सेक्टर 12 खेल परिसर से योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर फ़रीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता व भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा भी मौजूद थे।

..................................................................................................

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष-2025 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024 निर्धारित की गई है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय हिदायतों अनुसार खेल, समाज सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति तथा नवाचार में असाधारण योगदान करने वाले बच्चों की इन पुरस्कारों के लिए सिफारिशें भेजी जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि आवदेन करने के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की वेबसाइट https://awards.gov.in पर 31 जुलाई, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवदेन के लिए बच्चे की आयु 31,जुलाई, 2024 तक 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। वह भारत का नागरिक होना

चाहिए। इसके अतिरिक्त, पात्र आवेदक की घटना या उपलब्धि आवेदन के लिए जारी तिथि के दो वर्ष के अंदर होनी चाहिए। प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट www.wcd.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

...............................................................................